## सार-समाचार

### तीन दिवसीय फागोत्सव 11 मार्च से

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। लोककला के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही लालकुआं गिंदड समिति की नवीन कार्यकारिणी के हुए चुनाव के बाद समिति ने तीन दिवसीय फागोत्सव 2025 का आयोजन 11से 13 मार्च को लालकुआं गिंदड स्थल पर करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक जय शंकर पुजारी ने बताया कि फागोत्सव 2025 का केसर के दूध के साथ भव्य स्वागत होगा तथा कार्यकर्ताओं एवं दर्शकों के लिए स्पेशल केसर युक्त दूध की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि आयोजित मीटिंग में गत वर्ष का आय और व्यय प्रस्तुत कर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई। कार्यकारिणी में अध्यक्ष अमित कुमार जोशी, महामंत्री भगवती प्रसाद चिरानिया, मंत्री चंद्रकांत जाजोदिया, अंकित काबरा, अमित मंगलुणे वाला, उपाध्यक्ष ताराचंद ठेकेदार, नवीन काछवाल, आत्माराम मनोज जालान, आशीष खाटूवाला, मुरारी डीडवानिया, नवीन बोचीवाल , मनोज मिश्रा, शुभम जाजोदिया, गोपाल काछवाल, मुकेश बडीया, राहुल बुटोलिया, विनोद डीडवानिया, सुरेश चिरानिया, मनोज ग्वाल , मधु डीडवानिया , अंकित दायमा, चंदन जोशी , पार्षद विष्णु खांडल , विनोद पाराशर, राहुल सोनी, अंकित पाराशर, अंकित खाटूवाला, विकास सैनी, पूर्व पार्षद सत्यनारायण सैनी, महेश चोटिया, रवि जोशी, वीरेंद्र भार्गव, सुरेश बीबीपुरिया, राजेश बेदी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन ,महेंद्र सैनी राकेश दाधीच, संरक्षक सुरेश जाजोदिया, बजरंग लाल गोटेवाला, पवन कुमार डागा, गिरधारी लाल जाजोदिया, दीनदयाल जोशी, शुभकरण पुजारी, सुंण्डाराम पासोरिया, शिवरतन सरावगी, शंभू बिल, प्रभु दयाल काबरा, ललित भूत, अनिल मिश्रा, प्रमोद मंगलुणेवाला, अनिल चूड़ीवाला, जयप्रकाश जाजोदिया आदि को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गयी है।

### दस साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पुलिस ने गौतस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दस साल से फरार चल रहा था। थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे आरोपियों की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की टीम गोवंश अधिनियम में दस साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी, लेकिन आरोपी शातिर होने के कारण लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। एसपी शरद चौधरी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए मेवात क्षेत्र में भेजा गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के संभावित ठिकाने रेवाड़ी, धारूहेड़ा, तावडू, सोहना सहित अन्य स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गौतस्करी का आरोपी अपने गांव गुवारका आया हुआ है। इस दौरान पुलिस ने दबिश देकर गुवारका थाना नूंह निवासी असरू पुत्र कपुरा मेव को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ न्यायालय की ओर से वारंट भी जारी कर रखा था। गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी रामसिंह यादव, एएसआई महेश कुमार, कांस्टेबल राजेश कुमार आदि शामिल थे।

### 'राजनीतिक दल बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति कर सूचना भिजवाएं'

**सीकर,** (निसं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रतन कुमार स्वामी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति कर सूचना भिजवाने की बात कही। जिससे कि राज्य निर्वाचन आयोग को यह सूचना समय पर उपलब्ध कराई जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल अभिकर्ताओं की नियुक्ति के संबंध में आयोजित बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दल द्वारा प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर सूचना अपडेट कर जिला निर्वाचन विभाग को भिजवाने का श्रम करें। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट की सूचना अपडेट होने से आगामी चुनाव में जिला प्रशासन के बूथ लेवल ऑफिसर से समन्वय कर कार्य करने से चुनावी कार्यों में आसानी होगी। उन्होंने बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों से संबंधित सूचिया जल्द अपडेट कर भिजवाने की अपील की। बैठक में राष्ट्रीय राजनीतिक दल भाजपा के महावीर प्रसाद सैन एवं रमेश जलधारी, कांग्रेस के एडवोकेट पुरूषोतम शर्मा, सीपीआईएम के रामरतन बगड़िया, बसपा के भंवर लाल दानोदिया, आम आदमी पार्टी के मुकेश गुर्जर व चुनाव शाखा से चंद्रप्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

### फागोत्सव मनाया

**सीकर** (निसं)। सीकर में हॉलिस्टिक वैलनेस सेटर की ओर से शुक्रवार को महिलाओ द्वारा ''फागोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेटर की संचालिका प्रसिद्ध वेलनेस कोच निधि शर्मा ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य महिला ओ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान महिलाओ ने फागोत्सव का जमकर लुफ्त उठाया । इस दौरान निधि शर्मा मार्गदर्शन में महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता और समाज सेविका शिवानी तिवारी भी उपस्थित रही जिनकी उपस्थिति ने इस पहल को और भी अधिक समर्थन और मान्यता प्रदान की। प्रतिभागियों ने इस पहल की अत्यधिक सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक कदम के रूप में देखा। संस्था हॉस्पिटल वैलनेस सेंटर मे महिलाओ को विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों जैसे की जुम्बा, योगा, स्ट्रेंथ ट्रैनिंग, मेडिटेशन के साथ हेल्दी खान पान के बारे जानकारी दी जाती है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक महिलाओं को इनाम भी दिए गए ।वेट लॉस चैलेंज की विजेता रितिका जैन, अन्नू खंडेलवाल और चांदनी जैन रहीं। अन्य प्रतिभागियों में मोनिका खंडेलवाल, शीना मंगनानी, खुशबू थडानी, प्रिया अग्रवाल, सुमन सोनी, भगवत राठौड़, डॉ. अनीता चौधरी, सोनाली जैन, सिद्धि बहार इत्यादि महिलाएं उपस्थित रही।

### रक्तदान को लेकर बैठक आयोजित

**पाटन** (निसं)। मदन मोहन मैरिज गार्डन में युवा जन जागृति सेवा समिति द्वारा आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को लेकर पाटन स्टैंड पर स्थित हनुमान जी के मंदिर में लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्ष्छी भाईसाहब की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के दौरान उपस्थित सदस्यों को दिलीप गोयल, नीरज गर्ग, सरपंच मनोज चौधरी एवं मेहता हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर दिलीप गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में छह बार रक्तदान शिविर लगाए जा चुके हैं, आने वाली 2 मार्च को लगने वाला सातवां रक्तदान शिविर होगा। हर वर्ष आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया था जिसको लेकर हम आप सभी का आभार व्यक्त करते हैं,आपके द्वारा किए गए रक्तदान से हम किसी गंभीर मरीज की जान बचाने का काम करते हैं, इसलिए रक्तदान महादान है, आप अपना रक्तदान आवश्यक करें। रक्तदान शिविर के दौरान अलग-अलग विभागों के चिकित्सक भी उपस्थित रहेंगे आप उन चिकित्सकों से निशुल्क सेवा ले सकते हैं। इस दौरान लक्ष्मीनारायण उर्फ लच्छी भाईसाहब, डॉक्टर दिलीप यादव, पाटन सरपंच मनोज चौधरी, नीरज गर्ग, दिलीप गोयल, एडवोकेट नीर सिंह मीणा, श्री राम टेलर, टिंकू योगी सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम आयोजित

**सीकर** (निसं)। विज्ञान भारती सीकर द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का कार्यक्रम शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल कुडली सीकर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कमला ओलखा ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ वीरेंद्र शर्मा थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ सी.वी रमन के वैज्ञानिक कार्यों पर प्रकाश डाला। विज्ञान दिवस की थीम ''भारतीय युवाओ का विज्ञान एवं नवाचार में ग्लोबल लीडरशीप के परिपेक्ष्य में विकसित भारत मे योगदान था। कार्यक्रम में विज्ञान भारती सीकर जिला संयोजक मनोज पारीक ने विज्ञान भारती संगठन पर प्रकाश डाला। डॉ. वीरेंद्र ने सी.वी रमन के जीवन से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने पर बल दिया।

### सड़क दुघर्टना में एक की मौत

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। ढोलास खीरवा मार्ग पर सड़क दुघर्टना में एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि एक युवक गंभीर घायल हो गया जिसे सीकर रैफर किया गया जहां से बाद में जयपुर रैफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार खीरवा निवासी दो युवक बाइक पर जा रहे थे कि दूसरे को बचाने के चक्कर में बाइक पोल से टकरा गई जिससे खीरवा निवासी 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी खीरवा निवासी गंभीर घायल हो गया।

# जिला कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए

**झुंझुनूं,** (निसं)। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक में जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार और लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। कलेक्टर मीणा ने जिले में एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को संस्थानों पर आने वाले ओपीडी मरीजों को दवा के साथ ही हिमोग्लोबिन बढ़ाने वाले खान पान की जानकारी दे। आगंतुकों को भी विभिन्न माध्यम से हिमोग्लोबिन बढ़ाने वाले खान पान के लिए जागरूक करें। उन्होंने बताया कि महिलाओं में ज्यादा मात्रा में एनीमिया होना है चिंताजनक है। उन्होंने प्रत्येक मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने स्कूलों में भी जागरूकता अभियान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कम डिलीवरी वाली संस्थाओं को भी डिलीवरी बढ़ाने के निर्देश दिए। सीएचसी गुढ़ागौड़जी में दो स्त्री रोग विशेषज्ञ होने के बावजूद अपेक्षित संस्थागत प्रसव नहीं होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर सीएचसी सिंघाना और पीएचसी काकोड़ा प्रभारी को नोटिस जारी करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर



जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार और लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए।

मीणा ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि जहां पर ओपीडी पर्ची नहीं चढ़ाई जा रही। वहां पर व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए।

मा वाउचर योजना में सोनोग्राफी के लिए मना करने वाले अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान के तहत 31 मार्च तक ज्यादा से ज्यादा 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की बीपी, शुगर, कैंसर की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। सभी जिलेवासियों की आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए। बीडीके जिला अस्पताल झुंझुनूं और जिला अस्पताल नवलगढ़ में डायबिटीज क्लिनिक शुरू करने के निर्देश दिए। लाडो योजना की पेमेंट की पेंडेंसी दूर करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अस्पताल के अतिरिक्त उप जिला अस्पताल और सीएचसी पर दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाना सुनिश्चित करें। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह, डीडीडब्लू प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह, डीटीओ डॉ. विजय मांजू, पीएमओ डीएच डॉ. सुनिल सैनी, एसडीएच चिड़ावा डॉ. सुमनलता कटेवा, डीपीओ डॉ. विक्रम सिंह, सियाराम पूनियां, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा सहित सभी बीसीएमओ एवं सीएचसी प्रभारी मौजूद रहे।

### 35 प्रकरणों का निस्तारण हुआ

**सीकर** (निसं)। लोक अदालत की भावना से जिला उपभोक्ता आयोग में न्याय टेबल पर उपभोक्ताओं एवं विभाग के नोडल अधिकारी के मध्य समझाईश कर 35 प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील व मोहम्मद शाकिर सदस्य ने प्री-लिटिगेशन के प्रकरणों में विद्युत विभाग के वीसीआर और कनेक्शन विच्छेद सम्बन्धित लंबित 35 प्रकरणों का न्याय टेबल पर दोनों पक्षों से समझाइश कर त्वरित निस्तारण करवाया।

## नीमकाथाना जिला निरस्त किए जाने के विरोध में धरना जारी

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना जिले के निरस्तीकरण के विरोध में नगर परिषद के वार्ड नं. 33 में क्रमिक भूख हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल में उमेश मुंडोतिया, प्रेमस्वरूप मीणा, सेडमल राछोया, प्रहलाद सेवलिया, महेन्द्र मुंडोतिया, हरिराम मीणा, गिरवर तंवर, सुरेन्द्र राछोया, अशोक मुंडोतिया, मुरलीधर वर्मा, सुगनाराम मीणा, अर्जुन मुंडोतिया, बनवारी कुमावत, राजेन्द्र महराणियां सहित अनेक वार्डवासी शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नीमकाथाना जिले को निरस्त किए जाने के निर्णय ने जनता में आक्रोश पैदा कर दिया है। विशेष रूप से हरिराम मीणा ने कहा कि सरकार ने नीमकाथाना जिले को निरस्त करने के फैसले से अन्याय किया है और यह निर्णय जनता के हित में नहीं है। सुगनाराम मीणा ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल प्रशासनिक फैसले के खिलाफ नहीं, बल्कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भी है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया, तो यह भविष्य में बड़े संकटों का कारण बन सकता है। उमेश मुंडोतिया ने भी नीमकाथाना को यथावत जिला बनाए रखने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मुद्दे को नजर अंदाज किया, तो यह पूरे सीकर संभाग में असंतोष को बढ़ावा देगा, जिससे शासन और प्रशासन की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य बसंत यादव, राजेन्द्र आर्य, नरेश टेलर और मीडिया प्रभारी भी इस धरने में शामिल हुए।

## न्यायाधीश नेपाल सिंह का अभिनंदन किया

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित पटाखों के नोहरे में पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश नेपाल सिंह गुर्जर के राजकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर जिला अभिभाषक संघ व न्यायिक कर्मचारी संघ चूरू की ओर से शुक्रवार को भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह ने कहा कि नेपाल सिंह अपनी सेवानिवृत्ति पर सरकार की ओर से मिलने वाली धनराशि को अपनी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने वाले प्राथमिक स्कूल में विद्यालय विकास के लिये भेंट करेंगे।

जिला जज रविंद्र कुमार ने कहा कि नेपाल सिंह का पूरे जिले में न्याय व्यवस्था संचालन में श्रेष्ठ योगदान रहा है। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने सरदारशहर, तारानगर, राजगढ़ बार संघ के अध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए नेपाल सिंह से आग्रह किया कि वे चूरू बार का सदैव मार्गदर्शन करते रहे। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नेपाल सिंह के प्रति अभिभाषकों तथा कर्मचारियों के स्नेह को इंगित करता है। इस अवसर पर



जिला मुख्यालय स्थित पारखों के नोहरे में न्यायाधीश नेपाल सिंह गुर्जर के राजकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर अभिनंदन किया गया।

अभिभाषक संघ के संरक्षक बीरबल सिंह लांबा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने नेपाल सिंह का माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर, अभिनंदन पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार स्वामी के नेतृत्व में न्यायिक कर्मचारियों ने शॉल व श्रीफल भेंट कर नेपाल सिंह का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव, एडीआर सचिव शरद व्यास, अपर जिला न्यायाधीश राजेंद्र चौधरी, जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शेखावत, मीडिया प्रभारी एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा, पवन शर्मा, लोक अभियोजक रोशन सिंह, राकेश सहारन, वरुण सैनी, काशीराम शर्मा सहित बडी संख्या में न्यायिक अधिकारी व एडवोकेट उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा ने किया।

## 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए सभी विभाग आपसी समन्वयक से कार्य करें'

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को लेकर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेक हाल्डर्स की बैठक हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ पंचायतीराज, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्य एवं जिम्मेदारियां निश्चित की।

उन्होंने अभियान को लेकर प्रत्येक ग्राम से लेकर पंचायत तक विशेष जनजागरूता अभियान के साथ विभिन्न गतिविधियां संपादित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान से संबंधित छह पैरामीटर की चर्चा करते हुए कहा कि एक टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित होने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत में एक हजार की जनसंख्या पर तीस से अधिक जांच होना, एक हजार की जनसंख्या पर एक से कम रोगी का पाया जाना, 85 प्रतिशत से अधिक ट्रीटमेंट सससेंस रेट होना, 60 प्रतिशत से अधिक रोगियों की यूडीएसटी टेस्ट होना एवं शत प्रतिशत मरीजों को निक्षय पोषण योजना लाभ देना व निक्षय मित्र द्वारा रोगियों को पोषण किट वितरण करवाया जाना आवश्यक है। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में सक्रिय व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मियों व जनप्रतिनिधियों को 23 मार्च को जिला स्तर पर एवं 24 मार्च





जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को लेकर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेक हाल्डर्स की बैठक हुई।

को विश्व टीबी दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने अभियान के तहत सभी विभागों की भूमिका के बारे में बताया। साथ ही बलगम जांच में सीबीनॉट व टूनॉट मशीन से बढ़ाने की अपील की। उन्होंने जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए चिह्नित 144 ग्राम पंचायतों पर ब्लॉक स्तर पर टीबी की आईईसी के लिए वॉल पेंटिंग, नारा लेखन, स्कूलों में टीबी व तंबाकू पर भाषण प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीबी की इस लड़ाई में भामशाह, जनप्रतिनिधि एवं आमजन का सहयोग के साथ-साथ जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार होना जरूरी है। ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को टीबी रोगियों को पोषण सहायता के लिए निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में जयपुर से आए डब्लूएचओ सलाहकार डॉ. नावेद ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की 330 ग्राम पंचायत में से 144 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए चिह्नित किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों के संपादन के बाद जिला लेवल कमेटी के सत्यापन के बाद सूची राज्य स्तर पर भिजवाई जाएंगी। बैठक में पंचायतराज विभाग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ डिप्टी सीएमएचओ बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह, डीडीडब्लू प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह, डीपीओ डॉ. विक्रम सिंह, सियाराम पूनियां, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा सहित सभी बीसीएमओ मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### सीएम के नाम ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान के राजसमंद जिले के बीजागुडा में अवैध खनन माफिया द्वारा वन अधिकारी किशोर कुमार की निर्मम हत्या और वन रक्षक विष्णु कुमार को गंभीर रूप से घायल करने की घटना ने पूरे प्रदेश में आक्रोश पैदा कर दिया है। इस घटना के विरोध में झुंझुनूं में राजस्थान फॉरेस्ट रेंजर्स एसोसिएशन की ओर से जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। प्रदेशाध्यक्ष श्रवण कुमार झाझड़िया ने मुख्यमंत्री से मृतक वन अधिकारी को शहीद का दर्जा देने और घायल वन रक्षक को अतिरिक्त पदोन्नित देने की मांग की है। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि 22 फरवरी को राजसमंद में बीजा गुडा में खनन माफियाओं ने रेंजर किशोर कुमार व वन रक्षक विष्णु कुमार को ट्रेक्टर से कुचल दिया था। पत्र में घटना की त्वरित जांच, दोषियों को सख्त सजा, मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की गई है। इसके साथ ही वन रेंज में पर्याप्त स्टाफ, हथियार और वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया गया है। पत्र में वन विभाग के फील्ड स्टाफ की सुरक्षा और संसाधनों की कमी को घटनाओं का मुख्य कारण बताया गया है। उन्होंने वन अधिकारी कार्यालय को केंद्र सरकार के नियमों के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और शक्तियां प्रदान करने की मांग की है। जिससे अवैध खनन और अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आज से

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर में शनिवार एक मार्च से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलेगा। टीआई हरफूल सिंह ने बताया कि सात दिनों से पूरे शहर के मुख्य मार्गों पर समझाइश का कार्य चल रहा है। दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सामान रखकर, रेहडी ठेले वालों ने स्थायी रूप से रेहड़ी-ठेले लगाकर और कई दुकानदार दुकानों के बाहर नो पार्किंग जोन होने के बावजूद वाहनों को खड़ा करते है। जिससे यातायात प्रभावित होता है। इसके लिए लगातार सात दिनों से समझाइश की जा रही है। अब शनिवार से कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को गांधी चौक से लेकर रोड नंबर एक होते हुए कलेक्ट्रेट सर्किल तक नगर परिषद की टीम के साथ अभियान शुरू किया जाएगा। जो सामान सड़क पर मिला। उसे जब्त कर नगर परिषद या फिर पुलिस लाइन भिजवाया जाएगा। जो न्यायालय के आदेशों पर ही वापिस दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान ना केवल रोड नंबर एक पर, बल्कि शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। उन्होंने सभी व्यापारियों और शहरवासियों से अपील की है कि वे बेवजह के अतिक्रमण करके यातायात को प्रभावित ना करें। अन्यथा सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि टीआई हरफूल सिंह रोड नंबर एक, रोड नंबर दो, रोड नंबर तीन, मंडावा मोड़, गुढ़ा मोड़, गुढ़ा रोड, मंडावा रोड, रोडवेज बस डिपो समेत कई एरिया में दुकान दर दुकान जाकर समझाइश कर चुके है।

### 'योग व्यक्ति को आत्म निर्भर बनता है'

**झुंझुनूं,** (निसं)। पतंजलि योग समिति द्वारा गौरवी टॉवर में आयोजित निशुल्क योग, विज्ञानं एवं ध्यान शिविर में पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार साधकों को महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग का अभ्यास करा रहे हैं। इस अवसर पर योग शिक्षक पवन कुमार ने कहा कि योग एवं आयुर्वेद हमारी मिट्टी, हमारी संस्कृति व प्रकृति से जुडी हुई निरापद चिकित्सा पद्धित हैं। शिविर में कमर दर्द, घुटने का दर्द, सर्वाईकल, स्लिप डिस्क, मोटापा एवं मधुमेह से संबंधित आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। शिविर संयोजक डॉ. संपत्त बारूपाल ने जानकारी दी कि इस सात दिवसीय योग शिविर में शहर के लोग आरोग्य प्राप्त कर रहे हैं। शिविर में रजनी जिनोलिया, सुमित्रा खालिया, बनवारी सिंह राठौड़, सुमन गोदारा, मनीराम खालिया, रामनिवास जिनोलिया, संजय चनानिया, सुभाष सोनी, भागीरथ सोहू, संतोष चौधरी, ललित कुमार मीणा, आकाश नेहरा, प्रवीण कुमार स्वामी, संपत्त बारूपाल स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

### दो कन्याओं की शादी में किया सहयोग

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा बापू बस्ती वार्ड नंबर 25 झुंझुनूं निवासी एक जरूरतमंद परिवार की दो कन्याओं की शादी में संस्था के वीर एवं वीराओं ने मिलकर एक कट्टा चीनी, दो कट्टा आटा, आठ साड़ियां, चार सूट, दो चाय क्रोकरी सेट, दो स्टील बर्तन सेट, कॉस्मेटिक विभिन्न तरह का सामान, आर्टिफिशियल ज्वैलरी व शादी से उपयोगी सामान भेंट किया। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, जोन ट्रेजरार शिवप्रसाद महर्षि, प्रमोद कुमार शर्मा, ओमप्रकाश ककरानिया, सुभाष कालेर, शिव शंभू, प्रदीप शुक्ला एवं अन्य काफी गणमान्य जन मौजूद रहे।

### शिविर में 210 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं,** (निसं) महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ। शिविर में 210 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, अंकित कुमार, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, शिवप्रसाद महर्षि, प्रमोद कुमार शर्मा, शिव शंभू, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### मोहित नशा छोड़ो जीवन जोड़ो यात्रा में शामिल

**झुंझुनूं,** (निसं)। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड के नेतृत्व में निकाली जा रही नशा छोड़ो जीवन जोड़ो यात्रा में झुंझुनूं से भी एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल हुए। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव मोहित जनेवा अपनी पूरी टीम के साथ जैसलमेर से यात्रा में शामिल है। यात्रा के छठे दिन यात्रा जोधपुर पहुंची और यह यात्रा जयपुर तक जाएगी। इस यात्रा को आमजन का बहुत संख्या में समर्थन मिल रहा है।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़**

क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू/2025/ दिनांक :-

प्रारूप-10 (नियम 6 ( 7 ) देखिए

-: लोक सूचना :-

श्री वेदप्रकाश शर्मा पुत्र श्री शिशुपाल शर्मा साकिन बाबा श्याम सिंह कालोनी हनुमानगढ़ जं. जिला हनुमानगढ़ (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक वेयर हाउसिंग प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिला तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर | 21-22 डीडब्ल्यूडी | 157/419 (44) | किला न. 14/2 की 0.076 है., 15/1 की 0.063 है., 16 की 0.253 है., 17 की 0.253 है., 18 की 0.253 है., 19 की 0.253 है., 20/1 की 0.2280 है., 21/2 की 0.2020 है., 22/2 की 0.2280 है., 23/2 की 0.2280 है., 24/2 की 0.2280 है., 25/2 की 0.2280 है. कुल तादादी 2.4930 है. |
| | | | कुल तादादी 2.4930 है. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम , 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक............. को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82CrPC/84BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील उर्फ हरीश पुत्र श्री सोहन लाल निवासी के-3/8, लाल क्वार्टर, विजय विहार, दिल्ली** और **गांव राज गढ़, सूडानपुर, जिला चुरू, राजस्थान** ने **FIR No. 406/2011, U/S 379/411 IPC,** अन्तर्गत थाना विजय विहार, **दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ हरीश,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ हरीश,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 406/2011, U/S 379/411 IPC,** अन्तर्गत थाना विजय विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ हरीश,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.04.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री निधि चितकारा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
उत्तर पश्चिम जिला, कमरा नं.109, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2523/RD/2025 (Court Matter)